Literacy for a Billion

Movie: Shakti
Year: 1982

Song: Humne Sanam Ko Khat
Lyricist: Anand Bakshi

हमें बस ये पता है
वो बहुत ही ख़ूबसूरत है
लिफ़ाफ़े के लिए लेकिन
पते की भी ज़रूरत है

हमने सनम को ख़त लिखा
हमने सनम को ख़त लिखा
ख़त में लिखा
ए दिलरुबा दिल की गली
शहरे वफ़ा
हमने सनम को ख़त लिखा
ख़त में लिखा

पीपल का ये पत्ता नहीं
काग़ज़ का ये टुकड़ा नहीं
पीपल का ये पत्ता नहीं
काग़ज़ का ये टुकड़ा नहीं
इस दिल का ये अरमान है
इसमें हमारी जान है
ऐसा ग़ज़ब हो जाए ना
रस्ते में ये खो जाए ना
हमने बड़ी ताकीद की
डाला इसे जब डाक में

ये डाक बाबू से कहा

हमने सनम को
हमने सनम को ख़त लिखा
ख़त में लिखा
ए दिलरुबा दिल की गली
शहरे वफ़ा
हमने सनम को ख़त लिखा
ख़त में लिखा
बरसों जवाबे यार का
देखा किए हम रास्ता

बरसों जवाबे यार का
देखा किए हम रास्ता
इक दिन वो ख़त वापस मिला
और डाकिए ने ये कहा
इस डाकखाने में नहीं
सारे ज़माने में नहीं
कोई सनम इस नाम का
कोई गली इस नाम की
कोई शहर इस नाम का
हमने सनम को
हमने सनम को

Disclaimer: PlanetRead does not own these lyrics and is not using them for any commercial purpose. For over 20 years, PlanetRead has been subtitling Bollywood songs for mass literacy. These lyrics are being offered as part of PlanetRead's literacy development initiative.

PlanetRead is a tax-exempt, not-for-profit: 501(c) (3) in the United States and 80(G) in India.